RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 139 • 1:06:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## केजरीवाल बोले-मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना

● 2 को सरेंडर करूंगा, जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 21 दिन की जमानत कल खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार (31 मई) को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने



कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं परसों 3 बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी। इन्होंने मुझे झुकाने की कोशिश पहले भी की है, लेकिन ये सफल नहीं हुए। मैं जब जेल में था तो इन्होंने मुझे बहुत प्रताड़ित किया। मेरी दवाइयां रोक दी थीं।

## हर महीने 8000 रुपए का लालच, डाकखाने में 'लाइन'

**कर्नाटक में खाता खुलवाने पहुंचीं हजारों महिलाएं, कर्मचारी परेशान**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों ने एक से एक लोकलुभावन वादे किए हैं। वहीं लोगों के बीच कई तरह की अफवाहें भी फैल गई हैं। इसी बीच बेंगलुरु के जनरल पोस्ट ऑफिस पर इन दिनों महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है।



रोज इतनी महिलाएं नया खाता खुलवाने पहुंच रही हैं कि भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। वहीं डाक विभाग को अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करना पड़ गया। जानकारी के मुताबिक कुछ राजनेताओं ने वादा किया था कि वे महिलाओं के आईपीबी खाते में हर महीने 2 हजार रुपये जमा करवाएंगे। इसी बीच एक अफवाह फैली की डाकखाने की तरफ से महिलाओं के आईपीबी खाते पर 8 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। इसकी आखिरी तारीख भी सोमवार की बताई गई। इसके बाद पोस्ट ऑफिस में महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई।

**देश के 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग आज**

## वाराणसी से पीएम मोदी मैदान में

**कंगना, रवि किशन, पवन सिंह समेत 4 ऐक्टर भी चुनाव लड़ रहे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जेडीयू और अपना दल (एस) 2-2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर-



कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडीडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 199 कैंडीडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

## बाप रे बाप! गर्मी ने तोड़े सारे रिकार्ड

**नागपुर में पारा 56 तक पहुंचा, झुलस रहे लोग, देश में खलबली**

**नागपुर (एजेंसी)।** दो दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुंगेशपुरी में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। तब दिल्ली समेत पूरे देश में खलबली मच गई थी और तापमान का सर्वाधिक रिकॉर्ड दर्ज किया गया था लेकिन अब महाराष्ट्र के नागपुर ने दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। वहां गुरुवार यानी 30 मई को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है।



यह देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले दिल्ली में 52.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग की मानें तो नागपुर में आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिल सकती है। आज से केरल में मानसून के दस्तक देने का अनुमान है। इस दौरान नागपुर सहित विदर्भ के अनेक हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है, जिसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखी जा सकती है। 1 जून को नागपुर सहित विदर्भ के कुछ जिलों में गरज, चमक, तेज हवा की संभावना है अप्रत्याशित तरीके से तापमान में बढ़ोत्तरी से नागपुर आग की भट्टी में तब्दील हो चुका है। लोग गरमी से परेशान हैं और उन्हें ये समझ में नहीं आ रहा है कि आखिरी इतनी गर्मी क्यों और कैसे पड़ रही है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग चिंतित हो गया है। आईएमडी ने जांच के आदेश दिए थे।

### बिहार में गर्मी से 18 लोगों की मौत,चुनाव ड्यूटी पर तैनात 8 अधिकारी भी शामिल

पिछले एक-दो हफ्ते से पूरा देश भयानक गर्मी से भभक रहा है। इसी बीच बिहार में 48 घंटे के भीतर गर्मी से कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। जिनमें चुनाव ड्यूटी पर तैनात आठ अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन



परिचालन केंद्र के अनुसार, गर्मी से संबंधित मौतों में से 11 की पुष्टि रोहतास जिले से हुई है, जबकि भोजपुर में छह और बक्सर में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है। अधिकारियों ने बताया कि रोहतास में मरने वालों में से पांच, भोजपुर में दो और बक्सर में एक व्यक्ति चुनाव ड्यूटी पर तैनात थे। सासाराम और काराकाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें रोहतास जिला शामिल है। आरा निर्वाचन क्षेत्र, जो भोजपुर जिले में है और बक्सर निर्वाचन क्षेत्र बिहार की आठ संसदीय सीटों में से हैं, जहां इस साल के आम चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को मतदान होगा।

## गुजरात से होकर गांधी को नहीं जानते, आपको तो गोडसे पसंद

● पीएम मोदी के बयान पर जमकर भड़के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्मा गांधी को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी गुजरात से हैं। अगर गुजरात का कोई व्यक्ति गांधी जी के बारे में नहीं जानता है और उनका प्रचार भी नहीं करता है, तो मैं क्या कह सकता हूं। आरएसस का सदस्य होने के नाते आपने अपनी विचारधारा और सिद्धांतों का प्रचार किया, मगर आपने महात्मा गांधी के लिए कुछ नहीं किया। खरगे ने सवाल उठाया कि आपने बीते 23 बरसों में क्या किया है। जब आप 13



साल तक गुजरात के सीएम थे और अब पीएम हैं। उन्होंने कहा कि आपको गोडसे अच्छा लगता, लेकिन महात्मा गांधी नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था, महात्मा गांधी महान व्यक्ति थे। क्या इन 75 वर्षों में हमारी जिम्मेदारी नहीं थी कि हम यह सुनिश्चित करें कि महात्मा गांधी को पूरी दुनिया जाने।

## आरबीआई ब्रिटेन से 1 लाख किलो सोना देश वापस लाई

● दावा-इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ब्रिटेन से 100 टन (1 लाख किलो) से ज्यादा सोना वापस भारत लेकर आई है। 1991 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ है जब आरबीआई ने विदेश में जमा इतने बड़े पैमाने पर सोने



का भंडार निकाला हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मार्च 2024 में आरबीआई के पास कुल 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेशों में जमा था। पिछले साल की तुलना में आरबीआई का सोने का भंडार 27.5 टन बढ़ा है। आरबीआई धीरे-धीरे विदेशों में जमा सोने की मात्रा कम कर रही है और इसे वापस भारत ला रही है। ताकि देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो सके।

## मुझे अपने ही देश में खालिस्तानी, पाकिस्तानी कहा जाता है

● फारुक अब्दुल्ला को फिर याद आए अटल बिहारी वाजपेयी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करने पर उन्हें खालिस्तानी और अमेरिकी एजेंट कहा जाता है। हालांकि इसकी



चिंता किए बिना वह फिर कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में शांति के लिए पाकिस्तान से बात होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद केंद्र की सरकार बदलने जा रही है। आने वाली सरकार जरूर पाकिस्तान के साथ बातचीत का रास्ता अपनाएगी। अब्दुल्ला ने कहा कि बातचीत करना बहुत जरूरी है।

## पीएम मोदी के ध्यान के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची तमिलनाडु कांग्रेस

**विवेकानंद रॉक के ध्यानमंडपम से पीएम की तस्वीरें सामने आईं, 1 जून तक यहीं रहेंगे**

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** पीएम मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करने का शुक्रवार को दूसरा दिन है। सुबह उनके ध्यान करने की तस्वीरें सामने आईं। वे भगवा चोला, हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखे। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया, मंदिर की परिक्रमा की और ध्यान मुद्रा में बैठे। पीएम एक जून सुबह 10 बजे तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे। उधर विपक्ष मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। पीएम गुरुवार शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूजा




के दौरान मोदी ने सफेद मुंडु (दक्षिण भारत का एक परिधान) और शॉल पहना था। पुजारियों ने उनसे विशेष आरती कराई। प्रसाद, शॉल और देवी की तस्वीर दी। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने मद्रास हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि प्रधानमंत्री की विवेकानंद रॉक यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता है, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें फेज के कूलिंग पीरियड के दौरान उनकी यात्रा हिंदू भावनाओं को भड़काने और अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके वोट हासिल करने की कोशिश है।

## तूफानी तेजी से बढ़ रही देश की इकोनॉमी

**मार्च तिमाही में 7.8 फीसदी रही जीडीपी ग्रोथ**

नई दिल्ली (एजेंसी। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर आई है। देश की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7 प्रतिशत रही थी।



आंकड़ों के मुताबिक, देश की जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6.2 प्रतिशत थी। भारत का ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही में शानदार तेजी से बढ़ा है। चुनाव नतीजों से पहले जीडीपी के आंकड़े जारी हुए हैं। देश की जीडीपी मार्च तिमाही में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है।

## अमेरिकी हथियारों से रूसी सेना पर हमला करेगा यूक्रेन

● राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दी मंजूरी

कीव (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार (31 मई) को बताया कि इसमें यूक्रेन अमेरिकी मिसाइल का इस्तेमाल



खार्किव को रूसी सेना से बचाने के लिए कर सकता है। इसकी रेंज 300 किलोमीटर है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन इन हथियारों से रूसी सेना पर सीधा हमला कर सकता है। हालाकि, इनका इस्तेमाल रूसी सीमा के अंदर नहीं होना चाहिए। रूस ने 10 मई से खार्किव में हमले तेज कर दिए थे। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और पश्चिमी देशों से उनके दिए गए हथियारों को रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने की मंजूरी मांगी थी। अमेरिका को पहले डर था।

**पांच महीने में ही घाटी पहुंचे**

## 12 लाख से ज्यादा टूरिस्ट

**पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा कश्मीर,विदेशी भी खूब आ रहे**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** भारत का केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर इतना खूबसूरत है कि इसे धरती पर स्वर्ग कहा जाता है। यहां हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने जाते हैं। इस साल पर्यटकों की संख्या पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। जी हां, कश्मीर में पर्यटकों की आमद पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है क्योंकि इस साल अब तक 12.5 लाख से अधिक पर्यटक यहां आ चुके हैं। स्थानीय पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि अब तक 12.5 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं और मौजूदा रुझान को देखते हुए, वर्ष 2024 में पिछले सभी रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में, श्रीनगर



शहर के सभी स्थानीय होटल, गुलमर्ग के एक रिसॉर्ट और पहलगाम और सोनमर्ग के हिल स्टेशनों में जून के मध्य तक पूरी तरह से बुकिंग हो चुकी है। यहां एक अधिकारी ने कहा, इन जगहों पर सही में सभी होटल बुक हो चुके हैं। कश्मीर में गेस्ट हाउस, होमस्टे, डल और निगीन झीलों पर हाउसबोट और इस तरह की अन्य ठहरने की सुविधाओं पर भी यही सच्चाई है। इस साल सबसे उत्साहजनक बात यह है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार और शांति के कारण विदेशी पर्यटक भी अच्छी संख्या में कश्मीर आने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कश्मीर के होटलियर्स क्लब के एक सदस्य ने कहा, विदेशी पर्यटकों के कश्मीर आने से हमें विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

इसके अलावा, अधिकांश विदेशी अधिक खर्चीले पर्यटक होते हैं, जिनका अपने रुकने के दौरान औसत खर्च औसत घरेलू पर्यटकों से अधिक होता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि घरेलू पर्यटक अधिक खर्चीले नहीं होते हैं।

## भारत आते ही हिरासत में लिए गए प्रज्वल रेवन्ना


**एसआईटी ने किया गिरफ्तार, सेक्स टेप मामले में होगी पूछताछ**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** सेक्स टेप केस में आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को हिरासत में ले लिया गया है। एजेंसी ने इस बारे में एक्स पर जानकारी दी। म्यूनिख से आने वाली लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट देर रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर उतरी। इस प्लेन में हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना सवार थे। प्रज्वल को एसआईटी की टीम ने पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया है। देर रात उनके बेंगलुरु पहुंचने की संभावना थी। प्रज्वल रेवन्ना के संभावित आगमन से पहले, बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इससे पहले बुधवार को एक स्थानीय विशेष अदालत (निर्वाचित प्रतिनिधि) ने उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। पुलिस जदएस नेता के हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तामील करने के लिए बिल्कुल सतर्क थी। रेवन्ना की गिरफ्तारी के बारे में एक अधिकारी ने कहा, ''रेवन्ना ने लुफ्थांसा एयरलाइंस से म्यूनिख से बेंगलुरु आने के लिए टिकट आरक्षित कराया है।



# बिहार के 8 जिलों में तेज आंधी, बारिश, 12 में अलर्ट

## 16 जिले अब भी हीटवेव की चपेट में, गर्मी से 50 लोगों की मौत



एजेंसी, पटना।

बिहार में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार की देर रात बगहा, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर,मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और जमुई में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बगहा के पिपरासी में आंधी की चपेट में आने से 19 साल की अंगिरा कुमारी की मौत हो गई। इधर, पटना के मौसम में भी बदलाव देखा गया। विभाग के मुताबिक राजधानी में आज बारिश हो सकती है और 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। बेगूसराय में शुक्रवार सुबह-सुबह बारिश हुई। वहीं, 12 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। राज्य में हीटवेव का कहर भी जारी है। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को 16 जिलों में दिन-रात हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अलग-अलग 12 जिलों में 50 लोगों की हीटवेव से मौत हुई है।

**इन जिलों में बारिश की संभावनाः** मौसम विभाग के अनुसार, आज पटना, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, बांका, भागलपुर, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, मुंगेर, जमुई और सहरसा में बारिश हो सकती है। इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि 1 जून के बाद राज्य के अधिकतर जिलों में मौसम का मिजाज बदलेगा। 2-3 जून को उत्तर और दक्षिण बिहार में बारिश हो सकती है।

**हीटवेव से 50 लोगों की मौतः** बिहार में हीटवेव की वजह से 50 लोगों की मौत हो गई है। प्रदेश के12 जिलों में ये मौतें हुई हैं। सबसे ज्यादा औरंगाबाद में 16, भोजपुर-10, नालंदा-5, बक्सर-5, जहानाबाद-4, कैमूर-5, पटना, शेखपुरा, सीवान, मुंगेर, मोतिहारी और बेगूसराय में एक-एक मौत हुई है। बक्सर में हीट स्ट्रोक से एक शिक्षक की मौत हो गई। वहीं नालंदा में होमगार्ड के जवान की लू की चपेट में आने से जान चली गई। पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी में तैनात एक कर्मी की हीटवेव के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना के दरियापुर निवासी अंजय किशोर शरण के रूप में की गई है, जो स्वास्थ्य विभाग में फिजिकल फिटनेस एजुकेटर के रूप में कार्यरत थे। जबकि शेखपुरा के बरबीघा प्रखंड के पांकपर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की एक सहायिका की मौत हो गई। मृतका की पहचान अशोक रजक की पत्नी धनेश्वरी देवी के रूप में की गई। जो गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 20 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर काम करती थी। वहीं कैमूर में लोकसभा चुनाव को को लेकर ड्यूटी में आए पोलिंग ऑफिसर की अचानक लू लगने से मौत हो गई। जबकि मोतिहारी में लू लगने से एक युवक की की मौत हो गई।

# बिहटा में सड़क हादसे में दादी-पोते की मौत



तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, घटना के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी, पटना।

बिहटा थाना क्षेत्र नेउरागंज में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में दादी और पोते की मौत हो गई। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने खगौल-बिहटा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

**करीब 3 घंटे तक सड़क जाम रखाः** उचित मुआवजा और सड़क पर ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर लोगों ने करीब 3 घंटे तक सड़क जाम रखा। मौके पर पहुंची पुलिस को भी लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। जानकारी मिलते ही बिहटा अंचलाधिकारी और डीएसपी भी दलबल के साथ पहुंचे। समझा-बुझाकर लोगों का शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। नेउरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

**दादी की घटनास्थल पर ही हुई मौतः** मृतकों की पहचान पुरेनिया गांव निवासी कांति देवी(65) और सोहन साव(32) के तौर पर हुई है। परिजनों के मुताबिक बाइक से दादी और पोता दीघा की ओर से आ रहे थे। इस बीच ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। दादी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पोते को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

# ऑटो से युवक का शव बरामद

## अभी तक नहीं हो सकी है पहचान

एजेंसी, पटना।

पटना के बेउर थाने की पुलिस ने सिपारा मटखान के नजदीक एक ऑटो से एक युवक का शव बरामद किया है। ऑटो में युवक के शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी का माहौल कायम हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान करने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बेउर थाने को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बेउर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के एम्स भेज दी है और आगे की छानबीन शुरू कर दी है। आसपास के लोगों ने बताया कि मटखान मोहल्ले में एक खटाल के नजदीक पिछले दो-तीन दिनों से एक ऑटो खड़ी थी। शुक्रवार की सुबह



ऑटो में एक युवक का शव देखा गया। इस मामले को लेकर बेउर के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मटखान के नजदीक से ऑटो से एक युवक का शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास है। उन्होंने बताया कि युवक जींस पैंट और शर्ट पहन रखा है। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी। बेउर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया गया है।

# शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर लंबी छुट्टी पर केके पाठक, 3 से 30 जून तक लीव पर रहेंगे

एजेंसी, पटना।

बिहार में गर्मी ने बेहाल कर रखा है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के बेहोश होने के बाद सीएम ने खुद स्कूल बंद करने को कहा। बाद में केके पाठक ने इसमें बदलाव कर बच्चों के लिए तो स्कूल बंद कर दिया, लेकिन शिक्षकों की छुट्टी रद्द कर दी। इस गर्मी में शिक्षक की ड्यूटी लगा कर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव IAS केके पाठक खुद लंबी छुट्टी पर जा रहे हैं। सरकार के पास अपनी लंबी छुट्टी का आवेदन भेज दिया है। सरकार के विश्वस्त सूत्रों की माने तो केके पाठक 3 से 30 जून तक छुट्टी पर रहेंगे। उनके अचानक छुट्टी पर जाने के फैसले को स्कूलों में टाइमिंग विवाद और शिक्षकों की छुट्टी से जोड़ा जा रहा है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव IAS केके पाठक ने जब से यह कुर्सी संभाली है, वो लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। सूत्रों की माने तो सीएम नीतीश केके पाठक से नाराज हैं।



**केके पाठक से नाराज हैं मुख्यमंत्रीः** दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में 8 जून तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। CM के आदेश के बाद मुख्य सचिव ने सीधा DM को लेटर लिख दिया। IAS केके पाठक को साइड लाइन करते हुए DM को पत्र लिखा गया। कई जिलों के DM ने छुट्टी का आदेश भी जारी कर दिया तो कई DM ने आदेश नहीं निकाला। इसी बीच केके पाठक ने आदेश को संशोधित कर शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी।

♦ स्कूल बंद करने के विवाद से सीएम नीतीश नाराज


भारी गर्मी में शिक्षक स्कूल आ रहें हैं। सीएम सचिवालय के सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में CM नीतीश, केके पाठक से बेहद नाराज हैं। इसी बीच केके पाठक ने EL लीव के लिए आवेदन दे दिया है।

**सीएम के आदेश में हुआ था संशोधनः** बता दें कि 29 मई को भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 350 बच्चे बेहोश हो गए थे। जिसके बाद सीएम मुख्य सचिव को स्कूल बंद करने को लेकर निर्देश जारी करने को कहा। मुख्य सचिव और केके पाठक के बीच बातचीत हुई है। नीतीश के स्कूल बंद करने के आदेश में संशोधन किया गया है। केके पाठक ने सिर्फ शिक्षण कार्य बंद रखने पर सहमति जताई है।

# पीएम का बयान, डबल हो गई मनेर के लड्डू की डिमांड, बीजेपी ने एक क्विंटल मिठाई का दिया ऑर्डर

एजेंसी, पटना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मई को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में जनसभा के दौरान मनेर के लड्डू का जिक्र किया, जिसके बाद यहां लड्डू की डिमांड बढ़ गई है। सामान्य दिनों की अपेक्षा यहां लड्डू की बिक्री डबल हो गई है। लोकसभा चुनाव की जीत की उम्मीद में बीजेपी कार्यकर्ता अभी से ही मनेर के लड्डू का ऑर्डर दे रहे हैं। डिमांड इतनी ज्यादा है कि अब वहां के दुकानदार लड्डू का आर्डर लेने से इनकार कर रहे हैं। दरअसल, एनडीए उम्मीदवार रामकृपाल यादव की जीत के लिए लोगों से वोट करने की अपील करते हुए पीएम मोदी ने लालू यादव और कांग्रेस को जमकर कोसा। मनेर के लड्डू की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 4 जून के लिए



इसे तैयार रखिएगा...जरूरत पड़ेगी। पीएम की इस ऐलान के साथ ही मनेर के पूर्व विधायक श्रीकांत निराला ने एक क्विंटल मनेर के लड्डू का ऑर्डर दे दिया। इधर, लड्डू बनाने वाले हलवाई दिनेश ने कहा कि यहां के लड्डू हमेशा से प्रसिद्ध रहे हैं। इस इलाके का पानी बहुत मीठा है, इसलिए यहां के लड्डू का स्वाद बढ़ जाता है। दिनेश ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी आए हैं, लड्डू और मशहूर हो गए हैं। वहीं, मनेर स्वीट्स के मैनेजर ने

♦ बिक्री में 30-40 किलो का उछाल

बताया कि लड्डू की बिक्री में 30-40 किलो का उछाल आया है। पूर्व विधायक श्रीकांत निराला ने कहा है कि हम लोगों ने इतना ऑर्डर दिया है कि लड्डू बनाने के लिए दुकानदार को दूसरे राज्य से कारीगर बुलाना पड़ रहा है। वहीं I.N.D.I.A प्रत्याशी मीसा भारती ने भी दावा किया है कि BJP कार्यकर्ताओं द्वारा बनाया गए लड्डू इंडिया गठबंधन की जीत की खुशी में बांटा जाएगा।

**क्या कहते हैं मनेर के लड्डू बनाने वाले हलवाईः** मनेर स्वीट्स में काम करने वाले स्टाफ ने बताया कि लड्डू बेसन, चीनी और घी से बनी एक गेंद के आकार की मिठाई है। वैसे तो यह हर मिठाई की दुकान पर बिकता है, लेकिन पटना से लगभग 30 किलोमीटर पश्चिम में मनेर में बनने वाला यह लड्डू खास है। मनेर स्वीट्स के कारीगर सोनू कुमार ने बताया कि अपने संबोधन में PM मोदी ने मनेर के लड्डू का जिक्र किया था। इसके बाद मनेर के लड्डू की डिमांड बढ़ गई है।

पहले प्रतिदिन 40 से 50 किलो बिक्री होती थी अब डिमांड डबल हो गया है। राजनीतिक पार्टियां भी 4 जून के लिए भारी मात्रा में ऑर्डर दे रहे हैं। वहीं अब हमलोग ऑर्डर लेने में सक्षम नहीं है। स्थानीय निवासी धीरज सिंह यादव ने भी मनेर की मिठाइयों के बारे में बात की और कहा कि बचपन से हम मनेर के लड्डू खाते आ रहे हैं, जो बहुत स्वादिष्ट हैं।


# पटना में वोटिंग से पहले 56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

एजेंसी, पटना।

पटना में वोटिंग से पहले 56 लीटर अंग्रेजी के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को चकमा देने के लिए कार के इंजन और बॉडी के नीचे शराब को छुपाकर रखा गया था। गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध विभाग और पंचमहला पुलिस ने ये कार्रवाई की गई है।

**कार से 56 लीटर शराब बरामदः** पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड से शराब लाई जा रही है। जिसकी डिलीवरी समस्तीपुर में होनी है। जानकारी मिलते ही तुरंत एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कार को रोका। तलाशी के दौरान 56 लीटर शराब बरामद हुआ।

**गाड़ी में तहखाना बनाकर शराब छुपाई गई थीः** गाड़ी के



कार के इंजन और बॉडी के नीचे छुपा रखा था

इंजन और बॉडी के चारों ओर तहखाना बनाकर शराब की खेप छुपाई गई थी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान समस्तीपुर निवासी अमरनाथ शाह(32) और अनुज कुमार(24) के तौर पर हुई है। झारखंड नंबर की होंडा सिटी कार(JH 0 CG/8900) को जब्त कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# दानापुर में डिस्पैच सेंटर पर चुनाव सामग्री का हुआ वितरण

एजेंसी, पटना।

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में 1 जून को वोटिंग होगी। प्रशासन की ओर मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दानापुर के बीएस कॉलेज डिस्पैच सेंटर पर मतदानकर्मियों के बीच चुनाव सामग्री, ईवीएम का वितरण किया गया। यहां दानापुर और मनेर विधानसभा क्षेत्र के लिए डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैंः** दानापुर के एसडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षाबलों के साथ मतदानकर्मी पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो गए हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी और चुनाव आयोग की ओर से जो भी निर्देश मिला है उसका अनुपालन किया जाएगा।

**संवेदनशील केंद्रों पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगेः** सभी बूथों पर वोटरों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। दानापुर और मनेर में संवेदनशील बूथों का सत्यापन किया गया है। इन बूथों पर बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बल और बिहार पुलिस के जवान को लगाया गया है। 60 साल से ऊपर और दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए 40 ऑटो रिक्शा का इंतजाम किया गया है।

**दानापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 74 हजार 177 वोटरः** दानापुर विधानसभा में 358 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 16 चलंत मतदान केंद्र है। 41 सेक्टर बनाया गया है। वोटरों की कुल संख्या 3 लाख 74 हजार 177 है। पुरुष वोटर 1 लाख 75 हजार 924 और महिला वोटरों की संख्या 1 लाख 58 हजार 243 है। 78 बुजुर्ग वोटरों को बैलेट पेपर से पहले ही मतदान कराया जा चुका है।

**पोलिंग बूथ पर शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था रहेगीः** धूप से बचने के लिए 110 मतदान केंद्रों पर शेड बनाया जा रहा है। हर बूथ पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र 86 छावनी



परिषद कार्यालय परिसर को मॉडल सेंटर बनाया गया है। जबकि बूथ संख्या 104 सगुना मोड़ जूनियर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर को पिंक मतदान केंद्र और 105 सगुना मोड़ जूनियर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर को दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया है।

**मनेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 45 हजार 71 हैः** वहीं, मनेर के सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर मनीष कुमार ने बताया कि कुल 353 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमें

♦ EVM के साथ मतदानकर्मी पोलिंग बूथ के लिए रवाना, संवेदनशील केंद्रों पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे

3 चलंत मतदान केंद्र हैं। 36 सेक्टर बनाया गया है। सुपर जोन 6 बनाया गया है। कुल वोटरों की संख्या की संख्या 3 लाख 45 हजार 71 है। जिसमें पुरुष 1 लाख 8 हजार 752 और महिला वोटरों की संखया 1 लाख 63 हजार 310 हैं। 45 में से 40 बुजुर्ग वोटर बैलेट पेपर के माध्यम से वोट डाल चुके हैं।

**पिंक और महिला मतदान केंद्र भी बनाया गया हैः** उन्होंने आगे कहा कि बूथ नंबर 130 मिडिल स्कूल ब्यापुर और 261 टीपीएच विद्यालय बिहटा को मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है। दो युवा पोलिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनमें मतदान केंद्र संख्या 79 सन साइन पब्लिक स्कूल गौरयास्थान और बूथ संख्या 199 मॉडल स्कूल, राजकीय बुनियादी विद्यालय आनंदपुर शामिल है। पिंक और महिला मतदान केंद्र भी बनाया गया है। जिसमें मतदान केंद्र 59 नगर परिषद कार्यालय मनेर और बूथ संख्या 247 मध्य विद्यालय राघोपुर शामिल है। दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्र 46 प्राइमरी स्कूल मनेर और मतदान केंद्र 251 पंचायत भवन राघोपुर को बनाया गया है।

**जिला पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगेः** सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर मनीष कुमार ने कहा कि शांतिपूर्वक और निष्पक्ष मतदान के लिए हर सेंटर पर अर्द्धसैनिक बल के साथ जिला पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। ताकि वोटर निर्भीक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना वीमेंस कॉलेज के सेमेस्टर-5 में एडमिशन का शेड्यूल जारी, 15 से 25 जून तक जमा कर सकते हैं फॉर्म

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज ने सेमेस्टर-4 में पढ़ने वाली छात्राओं का रिजल्ट जारी कर दिया था। अब इसमें पास होने वाली छात्राओं को सेमेस्टर-5 में एडमिशन के लिए अप्लाई करना होगा। इसके लिए कॉलेज ने फीस शेड्यूल भी जारी कर दिया है। छात्राएं 15 जून से 25 जून तक बिना विलंब शुल्क के एडमिशन फॉर्म जमा कर सकती हैं। वही विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 26 जून से 28 जून तक फॉर्म लिया जाएगा। छात्राओं को सेमेस्टर-5 में बीए में एडमिशन के लिए 18 हजार 350 रुपए, बीएससी में 25 हजार 230 रुपए, बीकॉम में 42 हजार 120 रुपए, एएमएम में 31 हजार 530 रुपए, सीइएमएस में 31 हजार 530 रुपए, बीबीए में 43 हजार 650 रुपए, बीएमसी में 43 हजार 650 रुपए, बीसीए में 37 हजार 940, एमबीआईओ में 40 हजार 560 रुपए फीस के तौर पर देने होंगे। इसके लिए सारे पेमेंट ऑनलाइन मोड में ही होंगे। सेमेस्टर-5 में अप्लाई करने के लिए छात्राओं को www.patnawomenscollege.in या pwcadmissions.in/index.html पर जाना होगा। कॉलेज ने साफ कहा है कि सेमेस्टर-5 एडमिशन फीस के भुगतान के बाद, छात्राएं पेमेंट रसीद डाउनलोड कर लें। यदि कोई समस्या आती है तो तुरंत एग्जामिनेशन सेल से संपर्क करें। सेमेस्टर एडमिशन फीस के भुगतान की अंतिम तिथि के बाद किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।



### बोरिंग रोड में आज शाम से नहीं चलेंगी गाड़ियां

**पटना।** पटना जिले के अंतर्गत पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में 1 जून को वोटिंग है। मतदान खत्म होने के बाद ईवीएम और वीवीपैट को बोरिंग रोड स्थित एएन कॉलेज में रखा जाएगा। इस वजह से 1 जून को शाम 4 बजे से बोरिंग रोड चौराहे से एएन कॉलेज की ओर वाहनों के चलने पर रोक रहेगी। पाटलिपुत्रा की तरफ से भी बोरिंग रोड आने वाले रास्ते को शाम 4 बजे से ब्लॉक कर दिया जाएगा। इस रास्ते पर सिर्फ पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट लेकर आने वाली गाड़ियों को ही आने जाने दिया जाएगा। बोरिंग रोड चौराहा और पाटलिपुत्रा के पास बैरिकेडिंग की जाएगी। ताकि पोल्ड ईवीएम के जमा होने तक इस रास्ते पर अन्य गाड़ियों को आने जाने से रोका जा सके। दोनों तरफ बैरिकेडिंग के पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। मजिस्ट्रेट इस रास्ते पर सिर्फ उन्हीं गाड़ियों को जाने देंगे जिसपर पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट रखा रहेगा। 4 जून को मतगणना होनी है। दोनों संसदीय क्षेत्र के लिए काउंटिंग एएन कॉलेज में ही होगी। 4 जून को भी इस रास्ते को आम लोगों के लिए बंद कर दिया जाएगा। सुबह 8 बजे से मतगणना खत्म होने तक इस रास्ते को दोनों साइड से बंद कर दिया जाएगा।



### राजभवन के बारे में किया आपत्तिजनक पोस्ट, राजद प्रवक्ता ने कहा- राजभवन में ईवीएम हैकर ठहरे

**पटना।** राजद के मुख्य प्रवक्ता नेता शक्ति सिंह यादव ने राजभवन में 2 ईवीएम हैकर को ठहराने की बात कही, इसे सोशल मीडिया पर 29 मई को पोस्ट किया। 6 मिनट बाद उनके पोस्ट को खुद को राजद आईटी सेल के इंचार्ज बताने वाले नीलेश कार्तिकेन ने वायरल किया। पोस्ट के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्ति राजभवन में ठहरे हुए हैं। इस पोस्ट से राज्यपाल नाराज हुए। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल.चोंग्थू ने ईओयू में इसकी लिखित शिकायत की। कहा कि पोस्ट में उल्लेखित बातें असत्य, तथ्यहीन और भ्रामक हैं। ये केन्द्र और राज्य सरकार के साथ-साथ बिहार के राजभवन को बदनाम करने की नीयत से लिखी गई हैं। ईओयू ने डीएसपी के नेतृत्व में जांच व कार्रवाई के लिए एसआईटी गठित की। 4 सदस्यीय टीम की कमान काजल जायसवाल को दी गई। एजेंसी ने इस मामले में नीतेश कार्तिकेन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईओयू ने जांच शुरू कर दी है।



### ससुराल में मरी पड़ी थी बहू, सास-ससुर, पति फरार, हाजीपुर में पुलिस हत्या-आत्महत्या में उलझी

**हाजीपुर।** वैशाली के कर्ताहा थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल से जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कर्ताहा बुजुर्ग गांव के एक घर में विवाहिता की शव घर के आंगन में रखा है। ससुराल वाले फरार हैं। मृतक की पहचान कर्ताहा थाना क्षेत्र के राम पुकार पासवान की पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। उसके चार बच्चे भी है। मां ने कहा कि बेटी की शादी में सोने के गहने, जेवरात दिए थे। ऊषा की सास ने अपनी बेटी को दे दी थी। जब उषा गहने की मांग कर रही थी तो उसके द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। कार की मांग कर रहे थे। उसने कहा कि बेटी की हत्या करने की धमकियां ससुराल वालों ने पहले ही दी थी। कर्ताहा थाना अध्यक्ष गुंजन कुमारी ने कहा कि महिला की मौत की सूचना मिली थी ।घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके वालों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। लिखित आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पटना से मंगलुरू सेंट्रल के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



**हाजीपुर।** पटना से मंगलुरू सेंट्रल एवं मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। जो यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते पटना और मंगलुरू सेंट्रल के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसकी जानकारी हाजीपुर पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है। गाड़ी संख्या 03243 पटना-मंगलुरू सेंट्रल स्पेशल पटना से दिनांक 01.06.2024 को 22.30 बजे खुलकर 04.06.2024 को 07.00 बजे मंगलुरू सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03244 मंगलुरू सेंट्रल-पटना स्पेशल मंगलुरू सेंट्रल से दिनांक 04.06.2024 को 20.00 बजे खुलकर 07.06.2024 को 05.30 बजे मंगलुरू सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते मुजफ्फरपुर और सिकंदराबाद के मध्य भी एक स्पेशल ट्रेन चलेगी । गाड़ी संख्या 05295 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद स्पेशल मुजफ्फरपुर से 01.06.2024 को 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 22.00 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05296 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर स्पेशल 03.06.2024 को सिकंदराबाद से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 21.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से शैंपू लाने निकली किशोरी लापता

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी लापता हो गई है। वह अपने घर से शैम्पू लाने निकली थी। काफी देर तक नहीं लौटने पर स्वजन चिंतित हो गए। संभावित जगहों पर उसकी खोजबीन में उसका कहीं पता नहीं चला। किशोरी की मां ने वैशाली के दाउदपुर के एक युवक को नामजद कर पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाकर काजीमोहम्मदपुर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अश्लील तस्वीर भेजकर छात्रा को किया ब्लैकमेल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मिठनपुरा इलाके की एक छात्रा को एक एप पर उसकी अश्लील तस्वीर भेजकर ब्लैकमेल किया गया। इसकी शिकायत छात्रा के परिजनों ने मिठनपुरा थाने में की है। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसकी एक सहेली ने ही अपने ब्वायफ्रेंड के साथ मिलकर फोटो भेजी थी। पीड़िता और आरोपित के नाबालिग रहने के कारण पुलिस ने दोनों के मोबाइल से फोटो डिलिट करा दिया। इधर, पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि साइबर थाने पर उससे रुपये की मांग की गई और मोबाइल से साक्ष्य डिलिट करा दिया गया। हालांकि, साइबर थानेदार सीमा देवी ने कहा कि रुपये मांगे जाने का आरोप बेबुनियाद है। थाने में किसी ने रुपये नहीं मांगे।

### हर्ष राज की हत्या के खिलाफ निकाला प्रतिरोध मार्च

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** छात्र नेता हर्ष राज की हत्या के खिलाफ गुरुवार को भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट की छात्र युवा इकाई के द्वारा प्रतिरोध मार्च निकाला गया। खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। फ्रंट नेता शांतनु सत्यम तिवारी व अंकेश ओझा के संयुक्त नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने सरकार से घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। कहा कि घटना में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलवा कर समय सीमा के अंदर दोषी को फांसी की सजा मुकर्रर कराई जाए। हर्ष राज के परिजन को एक करोड़ मुआवजा राशि की मांग की। अध्यक्षता फ्रंट के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह तथा संचालन कमलेश कुमार सिंह ने किया। प्रतिरोध मार्च को कमलेश कांत गिरि, राजकुमार सिंह, मंकू पाठक, अनिल पंडित, मो. शमीम आदि थे।

### प्रधानाध्यापक पर रुपये गबन का आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** प्राथमिक विद्यालय जेपी कॉलेज टोला नारायणपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य मुकेश यादव ने बिना बैठक के एक लाख रुपये निकासी की शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नारायणपुर से की है। मुकेश ने बताया कि सरकारी राशि निकालने और उसे खर्च करने के लिए विद्यालय में कोई बैठक नहीं की गयी। वहीं प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि रुपये निकालने के लिए बैठक की गयी है। बैठक के बाद ही निकासी की गयी।

### छह माह पर शोधार्थियों को जमा करना होगा प्रोग्रेस रिपोर्ट

**छपरा, एजेंसी।** जेपीयू में पीजीआरसी की हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। इसमें अपना शोध ग्रंथ जमा कर चुके शोधार्थी के शोध ग्रंथ की साहित्यिक चोरी की जांच की जाएगी। पैट 2022 कोर्स वर्क के शोधार्थी का कंप्यूटर क्लास जून माह से प्रारंभ होगा। जुलाई में परीक्षा कोर्स वर्क का संभावित है। सभी शोधार्थियों को 6 माह पर प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा करनी है। वैसे शोधार्थी जो अपना शोध ग्रंथ जमा नहीं किए हैं शोध कार्य कर रहे हैं, उनके साथ-साथ शोध ग्रन्थ जिनका जमा हो चुका है व वायवा नहीं हुआ है उन सभी का प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा करनी है। पैट 2023 का बहुत जल्द परीक्षा प्रोग्राम जारी किया जाएगा। छात्र पैट - 2023 में किसी कारणवश परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो गए हैं उनको एक मौका परीक्षा फॉर्म भरने का दिया जाएगा।

# भोजपुर में हीट स्ट्रोक से 10 लोगों की मौत

## 5 इलेक्शन ड्यूटी पर थे, दो पुलिसकर्मी और भाकपा माले के अध्यक्ष समेत अन्य शामिल

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** बिहार के भोजपुर जिला इन दिनों अत्यधिक गर्मी की मार झेल रहा है। भोजपुर में गुरुवार को 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। लेकिन 56 डिग्री सेल्सियस तापमान महसूस किया गया। सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक 5 इलेक्शन कर्मी, 2 पुलिसकर्मी समेत 10 लोगों ने गर्मी की वजह से दम तोड़ दिया है। हालांकि डीएम महेंद्र कुमार ने 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पार्टी प्रचार के लिए आए भाकपाङ्कमाले के पार्टी अध्यक्ष की मौत के अलावा तेजस्वी की जनसभा में ड्यूटी कर रहे डायल-112 के पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है।



**डायल-112 पुलिसकर्मी की मौत :** पहली घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के मेला मैदान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जनसभा को लेकर ड्यूटी करने गए डायल-112 पुलिसकर्मी की मौत हो गई। मृत जवान भागलपुर जिले कमरगंज गांव निवासी युगल किशोर के पुत्र विजय कुमार हैं। वह वर्तमान में पीरो डायल-112 में कार्यरत थे। मृत जवान तेजस्वी यादव के कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी पर थे। इसी बीच उनकी अत्यधिक गर्मी के कारण तबीयत बिगड़ने लगी। इसी बीच उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। आरा सदर अस्पताल से गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया। जहां रास्ते में मौत हो गई।

### चुनावी ड्यूटी में आए होमगार्ड जवान की मौत

दूसरी घटना टाउन थाना क्षेत्र के टाउन स्कूल की है। जहां चुनाव ड्यूटी में आए एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक जवान गोपालगंज जिला के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के देवकुली गांव निवासी स्व.धनराज सिंह के 59 वर्षीय पुत्र हेम नारायण सिंह थे। वर्तमान में गोपालगंज में ही होमगार्ड जवान के रूप में कार्यरत थें और लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव ड्यूटी में आरा के टाउन स्कूल में ठहरे हुए थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण टाउन स्कूल में ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया है। सूचना जिले के डीएम व एसपी को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदस्य अस्पताल में कराया। वहीं, होमगार्ड जवान की मौत के बाद होमगार्ड ऑफिस में डीएम, एसपी, होमगार्ड के कमांडेंट समेत अन्य अधिकारियों ने सलामी दी।

### नहर विभाग के क्लर्क की मौत

चौथी घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के ककीला गांव की है। गुरुवार को हीट स्ट्रोक के कारण नहर विभाग के क्लर्क की मौत हो गई। मृतक मुजफ्फरपुर जिला के कुढनी थाना क्षेत्र के किशनपुरा मधुवन गांव निवासी स्व. सकल देव सिंह के 50 वर्षीय पुत्र संजय कुमार है। आरा के नहर विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं और लोकसभा चुनाव को लेकर जगदीशपुर प्रखंड के ककीला गांव में प्रोजाइडिंग अफसर के पद पर इलेक्शन ड्यूटी में कार्यरत थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ड्यूटी के दौरान हीट स्ट्रोक के कारण उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी।

### चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की मौत

वही पांचवीं घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। जहां हीट स्ट्रोक के कारण इलेक्शन ड्यूटी में गए एक पीएचईडी विभाग के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज अंबेडकर कॉलोनी निवासी प्रभु राम के 44 वर्षीय पुत्र राजेश राम है। वे जगदीशपुर गांव में इलेक्शन ड्यूटी में तैनात थे।

### हीट स्ट्रोक के कारण किसान ने दम तोड़ा

छठी घटना संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल गांव की है। जहां की हीट स्ट्रोक के कारण एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल गांव निवासी स्व.रघुनाथ शर्मा के 75 वर्षीय पुत्र बेचन शर्मा हैं। जो पेशे से किसान थे। गुरुवार को हीट स्ट्रोक के कारण की तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद पर परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर कर दिया।

### पीडब्ल्यूडी विभाग के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की मौत

तीसरी घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव की है। जहां चुनाव ड्यूटी में ट्रेनिंग कर रहे एक पीडब्ल्यूडी विभाग के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव निवासी स्व. मो. इस्लाम के 50 वर्षीय पुत्र मो. यासीन हैं। वह पीडब्ल्यूडी विभाग में रोलर खलासी के पद पर कार्यरत थे और लोकसभा चुनाव को लेकर गड़हनी में इलेक्शन ड्यूटी के दौरान ट्रेनिंग में गए हुए थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर जब वह गड़हनी गांव में चुनाव की ट्रेनिंग कर रहे थे। तभी उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पार्टी प्रचार के दौरान अध्यक्ष की मौत

आठवीं घटना आरा में पार्टी प्रचार के लिए आए भाकपाङ्कमाले के पार्टी अध्यक्ष की मौत हो गई। मृतक मोतिहारी जिला के मोतिहारी गांव निवासी 41 वर्षीय विष्णु देव प्रसाद यादव है। पूर्वी चंपारण के माले पार्टी में अध्यक्ष पद पर थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर वह आरा में चुनाव प्रचार में आए थे। तभी उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख मृत घोषित कर दिया।

### शिक्षा सेवक कर्मचारी की भी गई जान

नौवीं घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। जहां इलेक्शन ड्यूटी में तैनात एक शिक्षा सेवक कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी टोला निवासी मो.इलयास हुसैन है। वे शिक्षा सेवक थे और जगदीशपुर गांव में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर इलेक्शन ड्यूटी में तैनात हैं।

### बस चालक ने तोड़ा दम

दसवीं घटना रोहतास जिले कोरी निवासी शिव जी सिंह की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई। वह पेशे से बस ड्राइवर थे, चुनाव में बस चला रहे थे। बताया जाता है की मृत ड्राइवर चुनाव को लेकर अपने बस पर ड्यूटी करने गए थे। तभी अचानक उनकी मौत हो गई। भोजपुर में भीषण गर्मी की वजह से अभी भी पांच दर्जन से ज्यादा लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है।

### ड्यूटी से घर लौटने के दौरान बिगड़ी तबीयत

सातवीं घटना टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ले की है। जहां हीट स्ट्रोक के कारण एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ला निवासी स्व.मोहन लाल के पुत्र रविंद्र भूषण प्रसाद श्रीवास्तव है। वह कतीरा स्थिति सुधा डायरी में मार्केटिंग का काम करता था। लोकसभा चुनाव में बिहिया में कार्मिक कल्याण प्रबंधन/पीडब्ल्यूडी में एसई के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी से लौटा तो उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।



# बिजली-पानी के लिए जीएनएम की स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन

**हॉस्टल के बाहर पानी की खाली बोतल लेकर जताया विरोध, कहा- समाधान होने तक हमें छुट्टी दे दी जाए**

**गया, एजेंसी।** गया में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जीएनएम के सीनियर और जूनियर स्टूडेंट्स को बिजली और पानी की समस्या है। छात्राओं ने देर रात हॉस्टल के बाहर हाथों में पानी की खाली बोतल लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स का कहना है कि हॉस्टल में न तो पीने को पानी है और न ही बाथरूम में पानी है। कॉलेज प्रबंधन की अनदेखी की वजह से जीना मुहाल हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली भी हॉस्टल में नहीं मिल पा रही है। एक स्टूडेंट्स का यह भी कहना है कि पिछले साल भी गर्मी के दिनों में यही समस्या थी। उस समय बिजली नहीं होने के कारण उसकी तबीयत खराब हो गई थी। बेहोश हो कर गई गई थी।

### प्रिंसिपल को कई बार आवेदन, पर पहल नहीं हुई

आक्रोशित स्टूडेंट्स का कहना है कि पीने का पानी नहीं मिल रहा है। बिजली नहीं दी जा रही है। हम लोगों की समस्या का जब तक हल नहीं होता तब तक हम लोगों को छुट्टी दे दी जाए। कई छात्राएं तो बेहोश हो गई हैं। इमरजेंसी में भर्ती थी। छात्राओं का कहना है कि हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। प्रिंसिपल को कई बार आवेदन भी दिया गया है, लेकिन कोई नहीं सुनते हैं। सिर्फ मैनेज करने की बात कहते हैं। हम लोग 8वीं मंजिल पर रहते हैं। हम लोगों के लिए हॉस्टल में लिफ्ट भी नहीं है। ऊपर आने-जाने में भी काफी दिक्कत होती है। अपने पैसे से पानी खरीद कर पीते हैं। हॉस्टल में 24 घंटे से बिजली नहीं है। बिजली नहीं रहने की स्थिति में पानी नहीं मिलता है तो हम लोगों को खाने के लाले पड़ जाते हैं। पानी की किल्लत की वजह से हमलोग कई दिनों तक स्नान भी नहीं करते हैं।

# 4 जून के बाद हमारे चाचा नीतीश कुमार कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं : तेजस्वी यादव

**गया, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दो दिन पहले जेडीयू अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार को लेकर कही अपनी बात को दोहराया है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुछ बड़ा होगा। आखिरी चरण का प्रचार बंद होने से पहले तेजस्वी ने कहा कि 28 मई को उन्होंने पहली बार जब ये दावा किया था, उसके बाद से नीतीश प्रचार के लिए नहीं निकले हैं। तेजस्वी ने एक कदम बढ़कर ये भी कह दिया कि राज्यपाल प्रशासन चला रहे हैं और अधिकारियों को बुलाकर मीटिंग कर रहे हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि जेडीयू और भाजपा वाले अपनी-अपनी सीटों पर प्रचार कर रहे हैं।



### तेजस्वी ने आज कहा

जब से हमने कहा कि 4 जून के बाद हमारे चाचा कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं अपनी पार्टी को बचाने के लिए, तब से वो प्रचार में नहीं निकले हैं। प्रशासन का काम गवर्नर देख रहे हैं, अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा ले रहे हैं। जदयू वाले अपने दो सीटों पर लगे हुए हैं। भाजपा अपनी सीटों पर लगी हुई है। ये अंतर जो है, ये चीजें जो दिखाता है कि 4 के बाद कुछ बड़ा होगा।

### तेजस्वी ने 28 मई को कहा था

हमारे चाचा पिछड़ों की राजनीति और पार्टी बचाने के लिए कोई भी बड़ा फैसला 4 जून के बाद ले सकते हैं। जनवरी में नीतीश के महागठबंधन छोड़कर एनडीए में लौटने के बाद लालू ने हाल में नीतीश पर कुछ गरम बयान भी दिया है लेकिन तेजस्वी लगातार चाचा-चाचा कहकर नरम बातें कर रहे हैं।

नीतीश ने अपनी रैलियों में लालू-राबड़ी के बच्चों की संख्या और उनको राजनीति में आगे बढ़ाने पर खूब हमला बोला लेकिन तेजस्वी उस पर यह कहकर बात दबा देते रहे कि भाजपा ने उनको हाइजैक कर लिया है, उनसे जो लोग ये कहलवा रहे हैं, उनका खुलासा वो किताब लिखकर करेंगे। दूसरी तरफ जब से नीतीश एनडीए में लौटे हैं तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं के साथ कई सभाओं में बार-बार कह चुके हैं कि वो दो बार भटक गए थे लेकिन अब इधर आ गए हैं और अब इधर ही रहेंगे। नीतीश ने आखिरी प्रचार नालंदा में 28 मई को किया है जहां वो जेडीयू कैंडिडेट कौशलेंद्र कुमार के लिए रोड शो करने गए थे। 1996 से इस सीट पर नीतीश के दल समता पार्टी और जेडीयू का कब्जा है। तीन चुनाव से कौशलेंद्र लगातार जीत रहे हैं।

### ढाका कस्तूरबा विद्यालय में खराब पड़ी है वेंडिंग मशीन

**मोतिहारी/सिकरहना, एजेंसी।** ढाका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में दो वेंडिंग मशीन लगाया गया है, जिसमें एक मशीन खराब पड़ा है, वहीं दूसरी मशीन चालू हालत में है। वर्ग 6 से 8 का जो कस्तूरबा विद्यालय है उसमें का वेंडिंग मशीन काफी दिनों से खराब है। वहीं दूसरे कस्तूरबा विद्यालय जो वर्ग 9 से 12 वीं तक है उसमें अभी चालू हालत में है। वेंडिंग मशीन के खराब रहने से छात्राओं को काफी परेशानी होती है।कस्तूरबा की छात्रा चांदनी कुमारी, मनीषा कुमारी, रजनी कुमारी, सालू कुमारी का कहना है कि वेंडिंग मशीन की खराबी की वजह से काफी परेशानी होती है। जिस वक्त यह लगा था उस समय इसका फायदा मिलता था लेकिन इसके खराब होने की वजह से परेशानी होती है।इधर, उच्च माध्यमिक विद्यालय भंडार में भी वेंडिंग मशीन आया है लेकिन यह अभी उपयोग में नहीं लाया जा सका है। कस्तूरबा विद्यालय के संचालक भाग्यनारायण राय ने बताया कि खराब पड़े वेंडिंग मशीन को ठीक कराने के लिए कई बार जिला में कस्तूरबा संचालक को पत्र भेजा गया है लेकिन ठीक नहीं कराया जा सका है।

# पीपीयू की पीजी परीक्षाएं अब 7 जून से, नीट आंसर की पर आपत्ति दर्ज कराने की लास्ट डेट

**पटना, एजेंसी।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रशासन में पीजी की परीक्षा सात जून से होगी। नियमित द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा की नई तिथि कुलपति के निर्देश के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने जारी कर दी। व्यावसायिक कोर्स की भी परीक्षा साथ संचालित होंगी। पूर्व में 27 मई से निर्धारित होनी थी, लेकिन विभिन्न कॉलेजों ने लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस बल की तैनाती सेंटर पर किए जाने के कारण केंद्र नहीं बनाने को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र लिखा था। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा तिथि में बदलाव कर नई तिथि जारी की। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि पीजी द्वितीय सेमेस्टर नियमित कोर्स की परीक्षा सात जून से 13 जून तक पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। तीन समूह बनाकर परीक्षा का संचालन किया जाएगा। पीजी वोकेशनल द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा सात से 20 जून तक तो पीजी नियमित फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा सात, आठ और 10 जून को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। व्यावसायिक कोर्स की परीक्षा सात से 14 जून तक द्वितीय पाली में होगी।

**नीट यूजी की आंसर की जारी, आपत्तियां आज तक :** एनटीए ने गुरुवार सुबह नीट यूजी 2024 की आंसर-की, स्कैन की गई ओएमआर इमेज तथा रिकॉर्डेड रेस्पोंस जारी कर दिया। रिजल्ट भी जल्द जारी होगा। परीक्षार्थियों को उनकी ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन पोर्टल लिंक से मिलेगी। इसमें एप्लीकेशन नंबर व पासवर्ड, जन्मतिथि की जानकारी डालनी होगी।

# सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का नहीं मिल रहा लाभ



**मोतिहारी, एजेंसी।** छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई कॉलेजों और गर्ल्स हाई स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाया गया था। जिससे छात्राएं सिक्का डालकर सेनेटरी नैपकिन प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही नैपकिन के डिस्पोजल की भी सुविधा रहती है। हालांकि लगाने के बाद कई खराब भी हो चुके हैं। इसके कारण छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के अधिकतर स्कूलों में यह मशीन खराब हो चुका है। मशीन लगाने के बाद यह मशीन ठीक ठाक चल रहा या नहीं इसको देखने वाला कोई नहीं है।

शहर के डॉ.श्रीकृष्ण सिन्हा महिला कॉलेज में दो सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगा था। लेकिन इसका लाभ छात्राओं को नहीं मिल रहा। प्राचार्या डॉ. किरण कुमारी ने बताया कि इन वेंडिंग मशीन पहले से खराब है। वहीं दूसरा ठीक है, जिसे एक्टिवेट करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। ताकि छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। इधर, एमजेके कन्या इंटर कॉलेज में पूर्व में लगा वेंडिंग मशीन खराब है। प्रभारी प्राचार्य लालबाबू साह ने बताया कि पूर्व में लगा वेंडिंग मशीन खराब है। वहीं, मई माह में एक नया सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगा है। जो चालू हालत में है। इसमें पांच रुपये का सिक्का डालकर सेनेटरी पैड छात्राएं प्राप्त कर रही हैं।

इसी प्रकार, प्रभावती गुप्ता कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जावेद खान ने बताया कि उनके यहां वेंडिंग मशीन काम कर रही है। इसका लाभ छात्राओं को मिल रहा है।

# बाघिन व शावकों के पदचिन्ह देख लोगों में भय

चाण्क्य भूमि(मैनाटांड़)

- वन विभाग की जांच शुरू
- मैनाटाड़ के रामपुर गांव के ब्रह्मस्थान के पास बाघिन का फुटप्रिंट



**मैनाटाड़।** भंगहा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव स्थित ब्रह्मस्थान के पास बाघिन व शावकों के पदचिन्ह देख ग्रामीणों में दहशत का आलम है। बाघ के भय से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। रामपुर निवासी सह रामपुर मुखिया मुन्ना दुवरिया, पंसस वीरेंद्र थापा,अशोक सुब्बा,जयकिशोर सुब्बा, शशिकांत दिसवा, मित्रा फौदार, ध्रुव दिसवा, बिरजू राय,डॉ रुदल दुवरिया, पंकज सुब्बा, रोहित चौधरी, दिनेश सुब्बा, सोनू कुमार आदि ने बताया कि शुक्रवार के सुबह गांव स्थित ब्रह्मस्थान के पास गये तो बाघ का बड़ा और छोटा पदचिन्ह देख दंग रह गये। ग्रामीणों ने बताया कि पूरी संभावना है कि जंगल से भटककर बाघिन अपने शावकों के साथ रिहायशी इलाके में आ गयी है। पदचिन्ह देखने से पता चल रहा है कि बाघिन अपने शावकों के साथ इधर उधर ही चहलकदमी कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बाघिन के भय से हम सभी खेतों की तरफ जाना छोड़ दिये हैं। बाघ के डर से जंगली जानवर नीलगाय हिरण से भी हम अपनी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं।

वही मंगुराहा वन क्षेत्र के रेंजर सुनील पाठक ने बताया कि मेरे नेतृत्व में वन कर्मियों के साथ टाइगर के पदचिन्ह की जांच की जा रही है।पद चिन्ह बाघ का ही है।नर या मादा है उसकी भी गहनता से जांच की जा रही है।साथ ही टाइगर की गतिविधि पर वन कर्मियों को लगाया गया है। जानवरों का गंध पाकर बाघ जंगल के समीप निकला होगा।लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है कि अपने खेतों की तरफ अकेले नहीं जायें। खासकर रात में तो बिल्कुल भी नहीं। दिन में खेतों के तरफ जाना है तो समूह में जायें।जंगल की ओर जाने से बचें। क्योंकि जान-माल की क्षति नहीं होते हुये जंगली जानवर को बचाना भी वन विभाग की अहम् जिम्मेवारी है।

## योगापट्टी में अचानक मौसम का बदला मिजाज, आंधी में कई घरों के छप्पड़ उड़े

चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी में गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मौसम का अचानक मिजाज बदल गया। अचानक आंधी शुरू होने से योगापट्टी के कई बाजारों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। इस बीच कई जगहों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। वहीं कई घरों के छप्पड़ उड़ गए। आधे घंटे धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश भी शुरू हो गई है। ग्रामीण बबलू यादव ने बताया कि तेज आंधी में बहुत से सामान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल क्षति का आंकलन नहीं किया जा सका है। बताया कि अभी कई जगहों पर लोगों के घरों के छप्पड़ उड़ गए हैं। वहीं कई जगहों पर बड़े पेड़ गिरने से सड़क बाधित हो गया है। वहीं प्रखंड के बलुआ भवानीपुर पंचायत के ग्रामीण शंभू माझी मोहन यादव सुरेश माझी अकलु माझी रुदल महतो ने बताया कि अचानक आधी आने से हम लोग अपने एक भी समान सुरक्षित नहीं किए थे और हमलोग का बहुत सा सामान आंधी में उड़ गया है और साथ-साथ हम लोग का घर का छप्पर भी उड़ गया है।

## जिला जज ने दिलाई शपथ,पदाधिकारियों के बैंठक

चाणक्य भुमि बेतिया

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया में सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी को तंबाकू नहीं सेवन करने की शपथ दिलाई। जिला जज ने बताया कि जो भी व्यक्ति तंबाकू मधपान आदि का सेवन करता है वह व्यक्ति अपने परिवार एवं अपने समाज पर बोझ हो जाता है। वही मौके पर प्रधान न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने शपथ पत्र पढ़कर सभी कर्मियों एवं पदाधिकारीगण को शपथ दिलाई। प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि हमें तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए तथा अपने समाज के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए कि वे भी तंबाकू एवं मधपान का सेवन नहीं करें। मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## मझौलिया में कई घरों के छप्पर उड़े,बिजली बाधित

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

- तेज आंधी में पेड़ो की टहनियां टूटी

**मझौलिया।**गुरुवार की रात आयी तेज तूफान में प्रखण्ड क्षेत्र में भारी तबाही मचा।सैकड़ो झोपड़ियों के छप्पड़ ध्वस्त हो गये।अधिकांश पेड़ो की टहनियां टूट गयी।बर्षो पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गये।बिजली का तार टूट जाने से बिगत 18 घंटो से बिजली बाधित हो गयी है।लिंक के अभाव में उप डाकघर मझौलिया में शुक्रवार को पूरे दिन लिंक बाधित रहा।नतीजतन पूरे दिन निवेश बाधित रहा।माह का अंतिम दिन होने के कारण पोस्ट आफिस से जुड़े अभिकर्ताओं को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

रामनगर बड़ा बनकट के वार्ड नंबर 8 के अनामी शरण उपाध्याय का दुकान व घर क्षतिग्रस्त हो गया। बेतिया सरिसवा पथ के पारस पकड़ी स्थित चिमनी के निकट एक विशाल पकड़ी का पेड़ मुख्य सड़क पर गिर गया।रात में ही हल्का चौकीदार की निशानदेही पर मझौलिया पुलिस ने पेड़ कटवा कर अवरुद्ध सड़क को चालू किया।पेड़ का तना थाना लाया गया।शुक्रवार को वन विभाग के अधिकारी थाना पहुंचकर जानकारी ली।




## बगहा पुलिस की कार्रवाई में 05 अभियुक्त गिरफ्तार,03 मिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर ट्राली व 01 ट्रैक्टर ट्राली ,02 जेसीबी जब्त,

चाणक्य भूमि

- 21.5 लीटर देशी शराब 01 मोटरसाईकिल बरामद
- बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 39,000 रूपये का लगाया जुर्माना

**बगहा।**बगहा पुलिस जिला में गुरुवार को विगत 24 घंटा में 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-01 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,पटखौली थाना,रामनगर थाना,लौकरिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 03 ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लदा हुआ, एक ट्रैक्टर ट्राली एवं 02 जे०सी०बी० जब्त किया गया हैं।वही 21.5 लीटर देशी शराब एक मोटरसाईकिल भी बरामदगी की गई हैं।इस संबंध में संबंधित थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी एस.के सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जाँच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा 16,500, रामनगर थाना द्वारा-10,500, धनहाँ थाना द्वारा-6,000, बगहा थाना द्वारा-4,000, चौतरवा थाना द्वारा-2,000 इस प्रकार कुल 39,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

## रतहरी नदी के सोता किनारे एक बुद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

चाणक्य भूमि, बैरिया



थाना क्षेत्र के भितहां पंचायत के कठैया पूल के समीप पचहतर वर्षीय वृद्ध का शव मिलने पर क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शव की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के कुजलही निवासी हदीश मियां के रूप मे हुई है । पुलिस का कहना है कि नाक से खून का श्राव हुआ है । जिससे आशंका जताई जा रही है कि ऊपर बांध से एका-एक नीचे गिरने के कारण उसकी मौत हो गयी है वैसे शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा जा रहा है । बताया जाता है कि सुबह लोग जब शौच करने गये तो शव देख हल्ला करने लगे । फिर पुलिस को सूचना लोगो ने दी । सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता बुन्नीलाल पासवान ने बताया कि शव पर किसी तरह का निशान नही था । हालांकि कुछ लोगो ने बताया कि इसकी मौत रात मे ही हुई है । बताया जाता है कि कठैया पूल से पश्चिम रतहरी नदी से एक सोती आती है । उसी सोती के पानी के पास इसका शव था । शौच करने गये लोगो ने शव देख हल्ला करने लगे । जिसके बाद वहां लोगो की भीड उमड पडी । फिर पुलिस को सूचना दी गई । बैरिया पुलिस भी घटना स्थल पहुंच गयी । मौत के कारणों का तो अभी तक पता नही चल सका है । हालांकि शव की पहचान हो गयी है । यह नौतन के कुजलही का हदीश मिया है । जो कल से ही घर से लापता था । पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।




## बगहा दो महिला थाना के पास "ओमनगर" कॉलोनी का उपसभापति रश्मि रंजन ने फिता काटकर किया उद्घाटन

चाणक्य भूमि

**बगहा** दो के महिला थाना व एसीसी एसटी थाना के पास न्यू कॉलोनी "ओमनगर" का बगहा नगर उपसभापति रश्मि रंजन द्वारा फिता काट कर उद्घाटन किया गया। उपसभापति रश्मि रंजन को शिक्षक नेत्री नलीनी श्रीवास्तव ने माला व शॉल पहनकर सम्मानित किया गया। "ओमनगर" कॉलोनी के उद्घाटन विधिवत रूप से मंत्र उच्चारण व पूजा अर्चना के बाद रश्मि रंजन द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद सम्मान समारोह किया गया। जिसमें पंडित उमाशंकर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद तिवारी, सेवानिवृत्ति बगहा स्टेशन अधीक्षक सह रेल यूनियन नेता जयकुमार प्रसाद, राष्ट्रीय न्यायिक कर्मचारी संघ के संरक्षक डॉ शकील मोईन, डॉ कृष्ण मोहन राय, अमर सिंह, कामरान अजीज ,छोटे श्रीवास्तव, उत्कर्ष वर्मा, वार्ड पार्षद पप्पू राव, जितेंद्र तिवारी, प्राचार्य बीबीएन कॉलेज सुबोध श्रीवास्तव, बगहा स्टेशन अधीक्षक संतोष पांडेय , उपसभापति प्रतिनिधि पति रवि गुप्ता , शशि पांडे , अनुराग श्रीवास्तव आदि को सम्मानित किया गया। ओम नगर के इस उद्घाटन के बाद ओमनगर वासियों ने बगहा नगर द्वारा मिलनी वाली सुविधाओं जिम कूड़ा उठाओ, नाली, पानी और पीसीसी आदि की मांग उपसभापति से की गई है। जिस उपसभापति रश्मि रंजन ने आश्वासन दिया है कि नगर द्वारा मिलने वाली सुविधाएं ओम नगर वासियों मिलेगी। उद्घाटन में मौजूद लोगों ने न्यू कॉलोनी "ओमनगर" के उद्घाटन की ढेर सारी शुभकामनाएं नगर वासियों को दी।

## तंबाकू गुटका को लेकर जागरूकता रैली आयोजित



चाणक्य भूमि

**मोतिहारी।** भारत विकास परिषद शाखा शिवम मोतिहारी की महिला योग प्रशिक्षिका धीरा गुप्ता के तत्वाधान में किया गया। वही प्रतिदिन आयोजित होने वाले महिला योगाभ्यास के पश्चात् भारत विकास परिषद शाखा शिवम ,सुंदरम एवं मारवाड़ी महिला मोर्चा के तत्वाधान में स्थानीय सत्याग्रह पार्क में तंबाकू सेवन मुक्ति हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की जानकारी जनता को दी गई। साथ ही प्रशासन से मांग की गई की गुटखा, गांजा आदि बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इस रैली में सुंदरम शाखा की सचिव बहन मनीषा आर्य, सरोज जायसवाल मुन्नी देवी अंशु अग्रवाल सीता देवी, कांति देवी निर्मला जायसवाल,एवं सुनंदा झा आदि बहनों की उपस्थिति रही।

## पीएनबी व एसबीआईके एटीएम में रुपये नही,हुई परेशानी

चाण्क्य भूमि( मझौलिया)

**मझौलिया।**शुक्रवार के दिन मझौलिया प्रखण्ड स्थित विभिन्न बैंकों के आधा दर्जन एटीएम में रुपये नदारत रहा।नतीजतन उपभोक्ताओं को एक एटीएम से दूसरे एटीएम में भाग दौड़ करते देखा गया।उपभोक्ता चिलचिलाती धूप में भाग दौड़ करते रहे परन्तु नतीजा सिफर रहा।बताते चले कि मझौलिया चीनी मिल के पास एसबीआई और पीएनबी का एटीएम अवस्थित है।यहां गुरुबार से ही रुपये नदारत रहा एसबीआई के एटीएमसे पूरे दिन निकासी नही हुई। संध्या तीन बजे के करीब पीएनबी के एटीएम का चेस्ट खाली हो गया।मझौलिया चौक स्थित इंडिया बैंक का एटीएम में रुपये नही रहे।मझौलिया बाजार चौक स्थित अजय फ़ोटो स्टेट के बगल में अवस्थित एसबीआई का एटीएम में रुपये नही है।स्टेट बैंक के ग्रीन बॉक्स में भी लिंक के अभाव जमा निकासी बाधित रहा।उपभोक्ता हलकान होते रहे।

## आंधी सेआम व लीची को नुकसान

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया।**गुरुवार को आये तेज तूफान ने आम व लीची के फलों को खूब नुकसान पहुंचाया।बहुतेरे आम व लीची के कच्चे फल टूट गये।इस बार आम के फल से पेड़ लद गये थे ,लेकिन आंधी के एक झटके ने सबको बिखेर दिया। गुरचुरवा निवासी फुलवारी मालिक रामेश्वर महतो ने बताया कि आधा से अधिक आम झड़ गये।उन्होंने तीन फुलवारी खरीदा था।उनके आस पर पानी फिर गया। फीटर क्वार्टर कॉलनी में अवस्थित डंका आम का पेड़ लद चुका था,सुबह पेड़ मालिक मनीष कुमार चंचल पहुंचे तो देखा कि सभी फल नदारत है।बेचारे सिर धुनते रह गये।पारसपकडी स्थित महुआवारी आम के बगीचा का वही हाल है।सभी फल पेड़ की टहनियों से टूट गये।










## महर्षि वाल्मीकि के तपोभूमि पर राम के चरित्र एवं रामचरितमानस के पात्रों के चरित्र चित्रण करेंगे बापू- ऐश्वर्या

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

- मोरारी बापू के कार्यक्रम पूर्व की गई प्रेस वार्ता, लोगों अधिक संख्या में पहुंच कथा सुनने के लिए की गई अपील

महर्षि वाल्मीकि के तपोभूमि वाल्मीकि नगर में 1 जून से लेकर 9 जून तक होने वाले मोरारी बापू के राम कथा कार्यक्रम के पूर्व शुक्रवार को श्री राम कथा प्रेम यज्ञ समिति वाल्मीकिनगर के सदस्यों ने एक प्रेस वार्ता कर राम कथा सुनने के लिए लोगों को सपरिवार आने का अनुरोध किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बड़ौदा गुजरात के व्यवसायी परेन जी शाह की पुत्री एवं बापू के अनुयायी 17 वर्षीय ऐश्वर्या ने कहा कि जल जंगल पहाड़ के गोद में बसा और नेपाल की सीमा से सटा वाल्मीकिनगर की धरती पर बापू प्रभु श्री राम के चरित्र एवं रामचरितमानस के पात्रों का चरित्र चित्रण कर कथा वाचन करेंगे। बापू का एक ही इच्छा है कि, जो भी श्रद्धालु कथा मंडप में आए, वह बिना प्रसाद ग्रहण किया ना जाए। यहां पर सभी व्यवस्थाएं परिपूर्ण है। ऐश्वर्या ने बताया कि बापू के आज का कार्यक्रम सायं 4:00 बजे से लेकर संध्या 7:00 बजे तक होगा। 2 जून से कार्यक्रम के समय को प्रातः 10:00 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक रखा गया है। प्रतिदिन के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आस्था चैनल पर भी किया जाएगा।

15 सौ से 2 हजार की संख्या में देश विदेश से आ रहे हैं अतिथि-: मुरारी बापू के राम कथा आयोजन में देश-विदेश से लगभग 1500 से लेकर 2000 तक की संख्या में अतिथियों की आने की संभावना है। इस बाबत श्री राम कथा प्रेम यज्ञ समिति के सदस्य अमर तुलस्यान ने बताया कि कुछ अतिथियों का आगमन वाल्मीकिनगर में हो चुका है, कुछ आज सुबह तक आ जाएंगे। उनके ठहरने के लिए भारत और नेपाल के सभी होटलों को आरक्षित कर लिया गया है। वहीं बापू आज दोपहर तक पहुंचने वाले हैं। अतिथियों में महिला एवं पुरुष दोनों शामिल हैं।

25 हजार स्क्वायर फीट में लगाया गया है मंडप-: वाल्मीकिनगर के पर्यटन स्थल, नियर गंडक बराज के भूमि पर आयोजन समिति के तरफ से 25000 स्क्वायर फीट में मंडप का निर्माण कराया गया है, जिसमें लगभग 10 से 12 हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। अमर तुलस्यान ने बताया कि अगर लोगों की संख्या ज्यादा होगी तो मंडप का और विस्तार किया जाएगा इसमें किसी प्रकार की कोई रुकावट नहीं हो पाएगी। उसके लिए सभी व्यवस्थाएं तैयार रखी गई है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पूरे मंडप को वातानुकूलित के जैसा बनाया गया है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714